जब तक आपको यह प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाए तब तक न खोलें।

**Question Booklet Bar Code Serial No.**
**प्रश्न-पुस्तिका बार कोड क्रम संख्या**
**3400678**

**2025**

**कोड : KCML-15**

**विषय : सामान्य अध्ययन एवं अपराध-विज्ञान और दंडशास्त्र**

**भाग – I : सामान्य अध्ययन : प्रश्न संख्या 1 से 40**

**भाग – II : अपराध-विज्ञान और दंडशास्त्र : प्रश्न संख्या 41 से 120**

**समय : 2 घण्टे** | **पूर्णांक : 300**

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स में लिखें — अंकों में → | | | | | | | |

शब्दों में

प्रश्नों के उत्तर के लिए केवल **काले बॉल-प्वॉइंट पेन** का प्रयोग करें।

अभ्यर्थी ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें।

अन्तरीक्षक के हस्ताक्षर

आपको अपने सभी उत्तर **केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक** पर ही देने हैं। परीक्षा के उपरांत **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक अन्तरीक्षक** को सौंप दें तथा अभ्यर्थी प्रति (नीली) अन्तरीक्षक से प्राप्त कर लें।

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें। **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं। ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक और प्रश्न-पुस्तिका जिनकी बार कोड क्रम संख्या एकसमान है, सील्ड पारदर्शी पॉलीथीन पैकेट के अन्दर एक साथ रखी है।
2. **पारदर्शी सील्ड पॉलीथीन पैकेट खोलने के तुरन्त बाद, पुन: जाँच करके देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान हैं तथा सभी पृष्ठ भली-भाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान न हों या इसमें अन्य कोई विसंगति हो, तो इसे अन्तरीक्षक को वापस कर प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक का दूसरा सील्ड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लें।**
3. अभ्यर्थी **प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की पुष्टि करने के उपरान्त** ही ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अपना सही अनुक्रमांक, विषय एवं विषय कोड निर्धारित स्थान पर अंकित करें, अन्यथा ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी ज़िम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
4. अनुक्रमांक के अलावा प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर कुछ न लिखें। रफ कार्य के लिए प्रश्न-पुस्तिका के अन्त में दिए गए दो पृष्ठों का प्रयोग करें।
5. **इस प्रश्न-पुस्तिका में 120 प्रश्न हैं।** प्रत्येक प्रश्न के **चार (4)** वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिए गए हैं। इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले बॉल-प्वॉइंट पेन** से पूरा काला कर दें।
6. इस प्रश्न-पुस्तिका में, सभी प्रश्न अंग्रेज़ी व हिन्दी दोनों भाषाओं में मुद्रित हैं। द्विभाषी (अंग्रेज़ी/हिन्दी) में किसी भी प्रश्न में अस्पष्टता के मामले में प्रश्न का अंग्रेज़ी संस्करण प्रभावी होगा।
7. **ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड :**

   **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**
   (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।
   (ii) यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।
   (iii) यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् अभ्यर्थी द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**नोट :** ***कृपया प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की जाँच कर ली जाए तथा बार कोड क्रम संख्या के एकसमान न होने की दशा में उसे बदलकर प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक का दूसरा सील्ड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लिया जाए।***

***Note : English version of the instructions is printed on the back cover of this Question Booklet.***

## Part - I / भाग - I

### General Studies / सामान्य अध्ययन

1. Consider the following statements with reference to Akbar's reign :
   I. The Ibadatkhana was built in Fatehpur Sikri in 1575 A.D.
   II. In 1578 A.D., the Ibadatkhana was opened to people of all religions.
   Which of the above statements is/are correct ?
   (a) Only I (b) Both I and II
   (c) Neither I nor II (d) Only II

2. Study the given pattern carefully and select the number that can replace the question mark (?) :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 25 |
| 5 | 7 | 2 | 71 |
| 1 | 5 | 6 | ? |

   (a) 31 (b) 33
   (c) 37 (d) 43

3. Consider the following events and arrange them in the correct chronological order, starting from the earliest to the last event :
   I. British takeover of Malabar
   II. Manjeri incident
   III. Kalathur incident
   IV. Mattannur incident
   Select the correct answer from the code given below :
   (a) I, II, III, IV (b) I, II, IV, III
   (c) IV, I, II, III (d) III, II, I, IV

1. अकबर के शासन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
   I. 1575 ई. में फतेहपुर सीकरी में इबादतखाने का निर्माण हुआ।
   II. 1578 ई. में इबादतखाने को सभी धर्मों के लोगों के लिए खोला गया।
   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?
   (a) केवल I (b) I और II दोनों
   (c) न तो I न ही II (d) केवल II

2. दिए गए पैटर्न का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और वह संख्या चुनिए जो प्रश्नवाचक चिह्न (?) को प्रतिस्थापित कर सकती है :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 25 |
| 5 | 7 | 2 | 71 |
| 1 | 5 | 6 | ? |

   (a) 31 (b) 33
   (c) 37 (d) 43

3. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए तथा इन्हें सही कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए, सबसे पहली से लेकर अंतिम घटना तक :
   I. मालाबार पर ब्रिटिश कब्ज़ा
   II. मंजेरी घटना
   III. कालाथूर घटना
   IV. मट्टन्नूर घटना
   नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :
   (a) I, II, III, IV (b) I, II, IV, III
   (c) IV, I, II, III (d) III, II, I, IV

4. Match List I with List II and choose the correct answer using the codes given below the lists :

| List I | List II |
|---|---|
| A. Angular velocity | i. $[ML^2T^{-2}]$ |
| B. Angular momentum | ii. $[ML^2T^{-1}]$ |
| C. Torque | iii. $[ML^2]$ |
| D. Moment of inertia | iv. $[T^{-1}]$ |

**Codes :**

(a) A-ii, B-i, C-iii, D-iv

(b) A-i, B-iii, C-iv, D-ii

(c) A-iv, B-ii, C-i, D-iii

(d) A-iii, B-iv, C-ii, D-i

4. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिए :

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. कोणीय वेग | i. $[ML^2T^{-2}]$ |
| B. कोणीय संवेग | ii. $[ML^2T^{-1}]$ |
| C. बल-आघूर्ण | iii. $[ML^2]$ |
| D. जड़त्व आघूर्ण | iv. $[T^{-1}]$ |

**कूट :**

(a) A-ii, B-i, C-iii, D-iv

(b) A-i, B-iii, C-iv, D-ii

(c) A-iv, B-ii, C-i, D-iii

(d) A-iii, B-iv, C-ii, D-i

5. Which one of the following pairs is ***not*** correctly matched as per the International Network of Biosphere Reserves ?

(a) Nanda Devi Biosphere Reserve – Recognised in 2004

(b) Gulf of Mannar Biosphere Reserve – Recognised in 2005

(c) Nilgiri Biosphere Reserve – Recognised in 2000

(d) Sundarban Biosphere Reserve – Recognised in 2001

5. जैवमंडल आरक्षित क्षेत्रों के अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क के अनुसार निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

(a) नन्दा देवी जैवमंडल आरक्षित क्षेत्र – वर्ष 2004 में मान्यता-प्राप्त

(b) मन्नार की खाड़ी जैवमंडल आरक्षित क्षेत्र – वर्ष 2005 में मान्यता-प्राप्त

(c) नीलगिरि जैवमंडल आरक्षित क्षेत्र – वर्ष 2000 में मान्यता-प्राप्त

(d) सुन्दरवन जैवमंडल आरक्षित क्षेत्र – वर्ष 2001 में मान्यता-प्राप्त

6. Which of the following statements is ***not*** correct ?

(a) Fungal cell walls are made up of chitin.

(b) An animal cell lacks a cell wall.

(c) The vacuoles of plant cells are usually smaller than the vacuoles of animal cells.

(d) Plant cell walls are made up of cellulose.

6. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) कवक की कोशिका भित्ति काइटिन की बनी होती है।

(b) जंतु कोशिका में कोशिका भित्ति नहीं होती है।

(c) पौधों की कोशिकाओं की रिक्तिकाएँ अकसर जंतु कोशिकाओं की रिक्तिकाओं से छोटी होती हैं।

(d) पौधों की कोशिका भित्ति सेलुलोस की बनी होती है।

7. If $(x-3)^2+(y-5)^2+(z-7)^2=0$, then the value of $\frac{3xyz}{x+y+z}$ is :

(a) 15 (b) 12

(c) 7 (d) 21

8. Which one of the following Prime Ministers from Uttar Pradesh did ***not*** receive the Bharat Ratna ?

(a) Lal Bahadur Shastri

(b) Vishwanath Pratap Singh

(c) Rajiv Gandhi

(d) Chaudhary Charan Singh

9. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R) :

**Assertion (A) :** The term 'Green Revolution' was first coined by Dr. William Gaud. The Green Revolution had significant impacts on agriculture.

**Reason (R) :** The Green Revolution did not result in self-sustainable agriculture. It also had no effect on production growth.

Select the correct answer using the code given below :

(a) (A) is true, but (R) is false.

(b) (A) is false, but (R) is true.

(c) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(d) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

10. Who among the following was the founder king of the Eastern Chalukya dynasty ?

(a) Yuddhamalla I (b) Vikramaditya I

(c) Vishnuvardhana I (d) Vijayaditya I

7. यदि $(x-3)^2+(y-5)^2+(z-7)^2=0$ है, तो $\frac{3xyz}{x+y+z}$ का मान है :

(a) 15 (b) 12

(c) 7 (d) 21

8. उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित प्रधानमंत्रियों में से किसे भारत रत्न ***नहीं*** मिला ?

(a) लाल बहादुर शास्त्री

(b) विश्वनाथ प्रताप सिंह

(c) राजीव गाँधी

(d) चौधरी चरण सिंह

9. नीचे दो कथन दिए गए हैं जिनमें से एक को अभिकथन (A), और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

**अभिकथन (A) :** 'हरित क्रांति' शब्द सर्वप्रथम डॉ. विलियम गौड ने दिया था । हरित क्रांति के कृषि पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़े हैं।

**कारण (R) :** हरित क्रांति के परिणामस्वरूप कृषि आत्मनिर्भर नहीं हो सकी है । उत्पादन वृद्धि पर भी इसका कोई प्रभाव नहीं है।

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) (A) सत्य है, परन्तु (R) ग़लत है।

(b) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सत्य है।

(c) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

10. पूर्वी चालुक्य वंश का संस्थापक नरेश निम्नलिखित में से कौन था ?

(a) युद्धमल्ल I (b) विक्रमादित्य I

(c) विष्णुवर्धन I (d) विजयादित्य I

11. The National Skill Development Corporation (NSDC) functions under the :

(a) NITI Aayog

(b) Ministry of Skill Development and Entrepreneurship

(c) Ministry of Education

(d) Ministry of Home Affairs

12. Which Article of the Indian Constitution states that if the offices of both the President and Vice President become vacant, the Parliament is empowered to make provisions for such contingencies ?

(a) Article 70 (b) Article 71

(c) Article 69 (d) Article 62

13. Match List I with List II and choose the correct answer using the codes given below the lists :

| List I (Branch of Science) | List II (Study of) |
|---|---|
| A. Anatomy | i. Flowers |
| B. Anthology | ii. Fruits |
| C. Pomology | iii. Internal structure |
| D. Dendrochronology | iv. Age of trees |

**Codes :**

(a) A-iii, B-i, C-ii, D-iv

(b) A-ii, B-iii, C-iv, D-i

(c) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

(d) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

14. What is the angular distance covered by the second hand of an accurate clock in 12 minutes ?

(a) 4762° (b) 4320°

(c) 5611° (d) 5120°

11. राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) निम्नलिखित के अंतर्गत कार्य करता है :

(a) नीति आयोग

(b) कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय

(c) शिक्षा मंत्रालय

(d) गृह मंत्रालय

12. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में यह उल्लेख किया गया है कि यदि राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति दोनों पद रिक्त हो जाएँ, तो संसद को ऐसी आकस्मिकताओं के लिए उपबन्ध करने की शक्ति दी गई है ?

(a) अनुच्छेद 70 (b) अनुच्छेद 71

(c) अनुच्छेद 69 (d) अनुच्छेद 62

13. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (विज्ञान की शाखा) | सूची II (अध्ययन) |
|---|---|
| A. एनाटॉमी | i. फूलों का |
| B. एंथोलॉजी | ii. फलों का |
| C. पोमोलॉजी | iii. आंतरिक संरचना का |
| D. डेंड्रोक्रोनोलॉजी | iv. वृक्षों की आयु का |

**कूट :**

(a) A-iii, B-i, C-ii, D-iv

(b) A-ii, B-iii, C-iv, D-i

(c) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

(d) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

14. किसी सटीक घड़ी की सेकंड वाली सुई 12 मिनट में कितनी कोणीय दूरी तय करेगी ?

(a) 4762° (b) 4320°

(c) 5611° (d) 5120°

15. The first director of a company is appointed by the :
   (a) Debenture holders
   (b) Registrar of Companies
   (c) Promoters
   (d) Shareholders

16. Match List I with List II and choose the correct answer using the codes given below the lists :

| List I (State) | List II (Seats in Lok Sabha) |
|---|---|
| A. Andhra Pradesh | i. 14 |
| B. Jharkhand | ii. 25 |
| C. Kerala | iii. 13 |
| D. Punjab | iv. 20 |

**Codes :**
   (a) A-ii, B-i, C-iv, D-iii
   (b) A-ii, B-i, C-iii, D-iv
   (c) A-i, B-ii, C-iii, D-iv
   (d) A-ii, B-iii, C-iv, D-i

17. For which of the following objectives have national parks and wildlife sanctuaries been established ?
   (a) For conservation
   (b) For hunting
   (c) For recreation
   (d) For domestic animals

18. At what annual rate of compound interest does a certain sum amount to 27 times itself in 3 years ?
   (a) 200% (b) 100%
   (c) 75% (d) 150%

15. किसी कम्पनी के प्रथम निदेशक की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है ?
   (a) ऋणपत्रधारी
   (b) कम्पनी रजिस्ट्रार
   (c) प्रवर्तक
   (d) अंशधारी

16. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (राज्य) | सूची II (लोक सभा में सीट) |
|---|---|
| A. आंध्र प्रदेश | i. 14 |
| B. झारखंड | ii. 25 |
| C. केरल | iii. 13 |
| D. पंजाब | iv. 20 |

**कूट :**
   (a) A-ii, B-i, C-iv, D-iii
   (b) A-ii, B-i, C-iii, D-iv
   (c) A-i, B-ii, C-iii, D-iv
   (d) A-ii, B-iii, C-iv, D-i

17. राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य निम्नलिखित में से किस उद्देश्य के लिए बनाए गए हैं ?
   (a) संरक्षण के लिए
   (b) शिकार के लिए
   (c) मनोरंजन के लिए
   (d) पालतू जानवरों के लिए

18. कितने प्रतिशत वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से एक निश्चित धनराशि 3 वर्षों में स्वयं की 27 गुनी हो जाएगी ?
   (a) 200% (b) 100%
   (c) 75% (d) 150%

**19.** Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R) :

**Assertion (A) :** The Kisan Credit Card scheme was started by the Government in August 1998 to provide loans to farmers.

**Reason (R) :** This credit card solves the problem of farmers getting loans for crop production quickly; by obtaining financial assistance, the farmers can do farming on time.

Select the correct answer using the code given below :

(a) (A) is true, but (R) is false.

(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(c) (A) is false, but (R) is true.

(d) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

**20.** Consider the following events and arrange them in the correct chronological order, from the earliest to the latest event :

I. Partition of Bengal

II. Death of Sir Syed Ahmad

III. Formation of Muslim League in Dhaka

IV. Formation of Mahajan Sabha in Madras

Select the correct answer from the code given below :

(a) III, II, I, IV (b) II, I, III, IV

(c) IV, II, I, III (d) I, II, III, IV

**21.** 'Chhath Puja' is related to the worship of which deity ?

(a) Lord Shiva (b) Lord Krishna

(c) Lord Surya (d) Goddess Lakshmi

**19.** नीचे दो कथन दिए गए हैं जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

**अभिकथन (A) :** किसान क्रेडिट कार्ड योजना कृषकों को ऋण प्रदान करने हेतु सरकार द्वारा अगस्त 1998 में प्रारंभ की गई थी।

**कारण (R) :** इस क्रेडिट कार्ड द्वारा कृषकों की फ़सल उत्पादन के लिए ऋण की समस्या शीघ्रता से हल हो जाती है तथा वित्तीय सहायता प्राप्त कर कृषक समयानुसार कृषि कर सकते हैं।

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) (A) सत्य है, परन्तु (R) ग़लत है।

(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(c) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सत्य है।

(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

**20.** निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए तथा इन्हें सही कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए, सबसे पहले से लेकर अंतिम घटना तक :

I. बंगाल विभाजन

II. सर सैयद अहमद की मृत्यु

III. ढाका में मुस्लिम लीग का गठन

IV. मद्रास में महाजन सभा का गठन

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) III, II, I, IV (b) II, I, III, IV

(c) IV, II, I, III (d) I, II, III, IV

**21.** 'छठ पूजा' किस देवता की पूजा से सम्बन्धित है ?

(a) भगवान शिव (b) भगवान कृष्ण

(c) सूर्य देवता (d) देवी लक्ष्मी

**22.** Match List I with List II and choose the correct answer using the codes given below the lists :

| **List I (Organic Compounds)** | **List II (IUPAC Name)** |
|---|---|
| A. $HC \equiv C-CH(CH_3)-CH_2-CH_3$ | i. 4-methylpent-2-yne |
| B. $HC \equiv C-CH_2-CH(CH_3)-CH_3$ | ii. 4-methylpent-1-yne |
| C. $CH_3-C \equiv C-CH(CH_3)-CH_3$ | iii. 3,3-dimethylbut-1-yne |
| D. $HC \equiv C-C(CH_3)_2-CH_3$ | iv. 3-methylpent-1-yne |

**Codes :**

(a) A-iii, B-iv, C-ii, D-i

(b) A-iv, B-ii, C-i, D-iii

(c) A-ii, B-i, C-iii, D-iv

(d) A-i, B-iii, C-iv, D-ii

**23.** A group of interrelated words is given below. Choose the word from the given alternatives that belongs to the same group :

Jam, Jelly, Pickles

(a) Marmalade (b) Butter

(c) Preserve (d) Grapes

**24.** The Human Capital Index is published by :

(a) IMF (b) World Bank

(c) WTO (d) UNDP

**22.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिए :

| **सूची I (कार्बनिक यौगिक)** | **सूची II (IUPAC नाम)** |
|---|---|
| A. $HC \equiv C-CH(CH_3)-CH_2-CH_3$ | i. 4-मेथिलपेंट-2-आइन |
| B. $HC \equiv C-CH_2-CH(CH_3)-CH_3$ | ii. 4-मेथिलपेंट-1-आइन |
| C. $CH_3-C \equiv C-CH(CH_3)-CH_3$ | iii. 3,3-डाइमेथिलब्यूट-1-आइन |
| D. $HC \equiv C-C(CH_3)_2-CH_3$ | iv. 3-मेथिलपेंट-1-आइन |

**कूट :**

(a) A-iii, B-iv, C-ii, D-i

(b) A-iv, B-ii, C-i, D-iii

(c) A-ii, B-i, C-iii, D-iv

(d) A-i, B-iii, C-iv, D-ii

**23.** नीचे प्रश्न में परस्पर संबंधित शब्दों का एक समूह दिया गया है। दिए गए विकल्पों में से उस शब्द को चुनिए जो उसी समूह से संबंधित है :

जैम, जेली, अचार

(a) मार्मलेड (मुरब्बा) (b) मक्खन

(c) प्रिजर्व (संरक्षित खाद्य) (d) अंगूर

**24.** मानव पूँजी सूचकांक किसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है ?

(a) आई एम एफ (IMF) (b) विश्व बैंक

(c) डब्ल्यू टी ओ (WTO) (d) यू एन डी पी (UNDP)

25. Goods returned by customers are debited to which account ?

(a) Returns inwards account

(b) Returns Outwards account

(c) Customer's account

(d) Purchase account

25. ग्राहकों द्वारा लौटाया गया माल किस खाते में डेबिट किया जाता है ?

(a) विक्रय वापसी खाते में

(b) क्रय वापसी खाते में

(c) ग्राहक के खाते में

(d) क्रय खाते में

26. Match List I with List II and choose the correct answer using the codes given below the lists :

| List I (Concept) | List II (Propounder) |
|---|---|
| A. Ecology | i. A. Naess |
| B. Deep Ecology | ii. J. Grinnell |
| C. Ecological Niche | iii. E. Haeckel |
| D. Ecosystem | iv. A.G. Tansley |

**Codes :**

(a) A-i, B-iii, C-ii, D-iv

(b) A-iii, B-i, C-ii, D-iv

(c) A-ii, B-iv, C-i, D-iii

(d) A-ii, B-iv, C-iii, D-i

26. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (संकल्पना) | सूची II (प्रतिपादक) |
|---|---|
| A. पारिस्थितिकी | i. ए. नेस |
| B. गहन पारिस्थितिकी | ii. जे. ग्रिनेल |
| C. पारिस्थितिक निकेत | iii. ई. हैकेल |
| D. पारिस्थितिक तंत्र | iv. ए.जी. टैन्सले |

**कूट :**

(a) A-i, B-iii, C-ii, D-iv

(b) A-iii, B-i, C-ii, D-iv

(c) A-ii, B-iv, C-i, D-iii

(d) A-ii, B-iv, C-iii, D-i

27. Which of the following is ***not*** a component of the lithosphere ?

(a) Rocks (b) Gaseous cover

(c) Minerals (d) Soil

27. निम्नलिखित में से कौन-सा स्थलमंडल का एक अवयव ***नहीं*** है ?

(a) चट्टानें (b) गैसीय आवरण

(c) खनिज (d) मृदा

28. Which of the following pairs (Player-Game) is ***not*** correctly matched ?

(a) Sumit Nagal – Tennis

(b) Chirag Shetty – Badminton

(c) Jaismine Lamboria – Boxing

(d) Meenakshi Hooda – Cricket

28. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म (खिलाड़ी-खेल) सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

(a) सुमित नागल – टेनिस

(b) चिराग शेट्टी – बैडमिंटन

(c) जैस्मीन लम्बोरिया – मुक्केबाज़ी

(d) मीनाक्षी हुड्डा – क्रिकेट

29. If $a^x = b$, $b^y = c$ and $xyz = 1$, then the value of $c^z$ is :

(a) a (b) b

(c) ab (d) $\frac{a}{b}$

30. Which Articles of the Indian Constitution contain provisions aimed at achieving 'social justice' ?

(a) Articles 17, 18 (b) Articles 15, 16

(c) Articles 16, 18 (d) Articles 14, 15

31. Who among the following postulated the concept of 'Human Ecology' ?

(a) Harlan H. Barrows (b) M.A. Cunningham

(c) G. Tatham (d) W. Zelinsky

32. Match List I with List II and choose the correct answer using the codes given below the lists :

| List I (Act/Regulation) | List II (Event) |
|---|---|
| A. The Charter Act of 1813 | i. Practice of Sati declared illegal in Bengal Presidency |
| B. Regulation XVII of 1829 | ii. Legalised marriage of widows |
| C. Act of 1843 | iii. Lifted all restrictions on the entry of missionaries into India |
| D. Regulation XV of 1856 | iv. Abolition of slavery |

**Codes :**

(a) A-iii, B-i, C-iv, D-ii

(b) A-iii, B-iv, C-ii, D-i

(c) A-iv, B-i, C-iii, D-ii

(d) A-iv, B-ii, C-i, D-iii

29. यदि $a^x = b$, $b^y = c$ तथा $xyz = 1$ है, तो $c^z$ का मान है :

(a) a (b) b

(c) ab (d) $\frac{a}{b}$

30. भारतीय संविधान के किन अनुच्छेदों में 'सामाजिक न्याय' की प्राप्ति के प्रावधान हैं ?

(a) अनुच्छेद 17, 18 (b) अनुच्छेद 15, 16

(c) अनुच्छेद 16, 18 (d) अनुच्छेद 14, 15

31. निम्नलिखित में से किसने 'मानव पारिस्थितिकी' की संकल्पना का प्रतिपादन किया ?

(a) हरलान एच. बैरोज (b) एम.ए. कनिंघम

(c) जी. टैथम (d) डब्ल्यू. ज़ेलिंस्की

32. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (अधिनियम/रेगुलेशन) | सूची II (कार्य) |
|---|---|
| A. 1813 का चार्टर एक्ट | i. बंगाल प्रेसीडेंसी में सती प्रथा को अवैध घोषित किया गया |
| B. 1829 का रेगुलेशन XVII | ii. विधवा विवाह को वैध बनाया गया |
| C. 1843 का अधिनियम | iii. मिशनरियों के भारत में प्रवेश पर लगे सभी प्रतिबंध हटा दिए गए |
| D. 1856 का रेगुलेशन XV | iv. दास प्रथा का अंत हुआ |

**कूट :**

(a) A-iii, B-i, C-iv, D-ii

(b) A-iii, B-iv, C-ii, D-i

(c) A-iv, B-i, C-iii, D-ii

(d) A-iv, B-ii, C-i, D-iii

33. Which one of the following pairs is *not* correctly matched ?

(a) Kumaramatya – High ranking provincial officer

(b) Mahapramatara – Officer in charge of land measurement and revenue department

(c) Yamcheti – Head of village administration

(d) Gramakshapatalika – Custodian of village records

34. Who has been appointed as the first woman Vice-Chancellor of the Indira Gandhi National Open University by the President of India ?

(a) Professor S.I. Bari

(b) Professor Upma Singh

(c) Professor Pankaja Raghav

(d) Professor Uma Kanjilal

35. Which of the following is *not* a Central University in Uttar Pradesh ?

(a) Aligarh Muslim University, Aligarh

(b) Banaras Hindu University, Varanasi

(c) Allahabad University, Prayagraj

(d) Lucknow University, Lucknow

36. In May 2025, Robert Francis Prevost was elected as the new Pope. Consider the following statements in this regard :

I. His new name is 'Pope Leo XIV'.

II. He is originally a citizen of the USA.

III. He is the first Pope to be born in North America.

Which of the above statements are correct ?

(a) I and III (b) I and II

(c) II and III (d) I, II and III

33. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

(a) कुमारामात्य – प्रांत स्तर का उच्च अधिकारी

(b) महाप्रमातार – भूमि मापन और राजस्व विभाग का अधिकारी

(c) यामचेटी – ग्राम प्रशासन का प्रधान

(d) ग्रामाक्षपटलिका – ग्राम अभिलेखों का अभिरक्षक

34. भारत के राष्ट्रपति द्वारा किसे इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की पहली महिला कुलपति नियुक्त किया गया है ?

(a) प्रोफेसर एस.आई. बारी

(b) प्रोफेसर उपमा सिंह

(c) प्रोफेसर पंकजा राघव

(d) प्रोफेसर उमा कांजीलाल

35. उत्तर प्रदेश में निम्नलिखित में से कौन-सा एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय ***नहीं*** है ?

(a) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़

(b) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

(c) इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज

(d) लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

36. मई 2025 में, रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट को नया पोप चुना गया। इस संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. इनका नया नाम 'पोप लियो XIV' है।

II. मूल रूप से ये यू.एस.ए. के नागरिक हैं।

III. उत्तरी अमेरिका में पैदा होने वाले ये पहले पोप हैं।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) I और III (b) I और II

(c) II और III (d) I, II और III

37. Six friends P, Q, R, S, T and U are standing in a row facing North, but not necessarily in the same order. P is immediately to the left of T and immediately to the right of R. Q is immediately to the right of T but immediately to the left of S. Who are the neighbours of Q ?

(a) T and U (b) P and T
(c) P and R (d) T and S

38. According to the Census of India, which of the following characteristics is *not* a part of the definition of an urban centre ?

(a) Population size of more than 5000 persons
(b) More than 75% of the population engaged in primary activities
(c) Having a municipality or corporation
(d) Population density of at least 400 persons per square kilometre

39. Which of the following personalities from Uttar Pradesh did *not* receive the Jnanpith Award ?

(a) Ali Sardar Jafri (b) Firraq Gorakhpuri
(c) Josh Malihabadi (d) Mahadevi Verma

40. Consider the following statements with reference to Iltutmish :

I. The title of 'Nasir amir-ul-momin' was bestowed on Iltutmish by the Abbasid Caliph of Baghdad.
II. He was the first legal sovereign of the Indian Turks and the real founder of the Sultanate of Delhi.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) Both I and II (b) Only I
(c) Only II (d) Neither I nor II

37. छह दोस्त P, Q, R, S, T और U उत्तर की ओर मुँह करके एक पंक्ति में खड़े हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। P, T के ठीक बाईं ओर तथा R के ठीक दाईं ओर है। Q, T के ठीक दाईं ओर है लेकिन S के ठीक बाईं ओर है। Q के पड़ोसी कौन हैं ?

(a) T और U (b) P और T
(c) P और R (d) T और S

38. भारत की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी एक विशेषता नगर केन्द्र की परिभाषा का अंग ***नहीं*** है ?

(a) जनसंख्या आकार 5000 व्यक्तियों से अधिक
(b) 75% से अधिक जनसंख्या का प्राथमिक क्रियाओं में संलग्न होना
(c) नगरपालिका या निगम का होना
(d) जनसंख्या घनत्व कम-से-कम 400 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

39. निम्नलिखित में से उत्तर प्रदेश की किस एक विभूति को ज्ञानपीठ पुरस्कार ***नहीं*** मिला ?

(a) अली सरदार जाफरी (b) फिराक गोरखपुरी
(c) जोश मलीहाबादी (d) महादेवी वर्मा

40. इल्तुतमिश के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. इल्तुतमिश को बगदाद के अब्बासी खलीफा द्वारा 'नासिर अमीर-उल-मोमिन' की उपाधि प्रदान की गई थी।
II. वह भारतीय तुर्कों का पहला विधिसंगत शासक और दिल्ली सल्तनत का वास्तविक संस्थापक था।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) I और II दोनों (b) केवल I
(c) केवल II (d) न तो I न ही II

## Part - II / भाग - II

### Criminology and Penology / अपराध-विज्ञान और दंडशास्त्र

**41.** Who is considered the founder of modern criminology ?

(a) Cesare Lombroso (b) Enrico Ferri
(c) Raffaele Garofalo (d) Cesare Beccaria

**42.** Who among the following have either defined or classified victims directly ?

I. Mendelsohn
II. Hans von Hentig
III. Ferraro
IV. Abdel Fattah

Select the correct answer from the options given below :

(a) I, II and IV (b) II and III
(c) I, II, III and IV (d) I and II

**43.** Which of the following criminologists linked crime with morality ?

(a) Blackstone (b) Kenny
(c) Taft (d) Garofalo

**44.** Consider the following statements with reference to cybercrime :

I. Use of a computer system or network without the permission of its legal user is a cybercrime.
II. Causing physical damage to someone's computer is not considered a cybercrime.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) Both I and II (b) Neither I nor II
(c) Only II (d) Only I

**41.** आधुनिक अपराध विज्ञान का जनक किसे माना जाता है ?

(a) सीज़ारे लोम्ब्रोसो (b) एनरिको फेरी
(c) राफाएल गारोफालो (d) सीज़ारे बेकारिया

**42.** निम्नलिखित में से किसने पीड़ितों को सीधे परिभाषित या वर्गीकृत किया है ?

I. मेंडेलसोहन
II. हैंस वॉन हेंटिग
III. फेरारो
IV. अब्देल फत्ताह

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) I, II एवं IV (b) II एवं III
(c) I, II, III एवं IV (d) I एवं II

**43.** निम्नलिखित में से किस अपराधशास्त्री ने अपराध को नैतिकता से जोड़ा था ?

(a) ब्लैकस्टोन (b) केनी
(c) टैफ्ट (d) गारोफालो

**44.** साइबर अपराध के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. किसी कंप्यूटर सिस्टम या नेटवर्क का उसके वैध उपयोगकर्ता की अनुमति के बिना उपयोग करना साइबर अपराध है।
II. किसी के कंप्यूटर को भौतिक क्षति पहुँचाना साइबर अपराध नहीं माना जाता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) I एवं II दोनों (b) न तो I न ही II
(c) केवल II (d) केवल I

45. The word 'crime' is derived from the Latin word :

(a) Krimos

(b) Crisosm

(c) Crimen

(d) Krisos

46. Consider the following statements with reference to police reforms in India :

I. Prakash Singh, a former DGP, filed a PIL in 1996 seeking police reforms in India.

II. Justice Y.K. Sabharwal, in the landmark judgment in the Prakash Singh case passed seven directives in 2006.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) Only II (b) Neither I nor II

(c) Both I and II (d) Only I

47. Multiple Factor Approach to crime causation refers to :

(a) Biological factors only

(b) Single cause of crime

(c) Many causes acting together

(d) Social factors only

48. Which of the following is ***not*** a characteristic of professional crime and criminals ?

(a) Differential Association

(b) Consensus and Organisation

(c) Regularity and Technical Skills

(d) Temporary Hobby

45. 'क्राइम' शब्द की उत्पत्ति लैटिन भाषा के किस शब्द से हुई है ?

(a) क्रिमोस (Krimos)

(b) क्रिसोसम (Crisosm)

(c) क्रिमेन (Crimen)

(d) क्रिसोस (Krisos)

46. भारत में पुलिस सुधारों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. प्रकाश सिंह, पूर्व डी.जी.पी. ने 1996 में भारत में पुलिस सुधारों की मांग करते हुए एक पी.आई.एल. दायर की थी।

II. प्रकाश सिंह मामले में ऐतिहासिक निर्णय में न्यायमूर्ति वाई.के. सभरवाल ने 2006 में सात निर्देश जारी किए।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल II (b) न तो I, न ही II

(c) I और II दोनों (d) केवल I

47. अपराध के कारणों के बहु-कारक दृष्टिकोण से तात्पर्य है ?

(a) केवल जैविक कारक

(b) अपराध का एक ही कारण

(c) कई कारणों का संयुक्त प्रभाव

(d) केवल सामाजिक कारक

48. निम्नलिखित में से कौन-सी एक पेशेवर अपराध और अपराधी की विशेषता ***नहीं*** है ?

(a) विभेदक साहचर्य

(b) मतैक्य और संगठन

(c) नियमितता और तकनीकी दक्षता

(d) अस्थायी शौक

49. The study "Juvenile Delinquency and Economic Trends" is associated with which of the following ?

(a) Shaw and Mckay (b) Albert C. Wagner
(c) David Bogen (d) Charles Goring

49. "जुवेनाइल डेलिनक्वेंसी एंड इकोनॉमिक ट्रेंड्स" (किशोर अपराध और आर्थिक प्रवृत्तियों) का अध्ययन निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?

(a) शॉ और मैके (b) अल्बर्ट सी. वैगनर
(c) डेविड बोगेन (d) चार्ल्स गोरिंग

50. The term 'organised crime' refers to :

(a) Distinct category of crime
(b) Method or process of committing crime
(c) Crimes by government officials
(d) Only drug crimes

50. 'संगठित अपराध' शब्द का तात्पर्य है :

(a) अपराध की अलग श्रेणी
(b) अपराध करने की प्रक्रिया या तरीका
(c) सरकारी अधिकारियों द्वारा अपराध
(d) केवल मादक पदार्थों से संबंधित अपराध

51. Whose thesis states that some social structures exert a definite pressure on some persons to engage in non-conformist rather than conformist conduct ?

(a) R.K. Merton (b) Emile Durkheim
(c) Sutherland (d) Ferri

51. किसका प्रस्थापना यह प्रतिपादित करती है कि सामाजिक संरचनाएँ कुछ व्यक्तियों पर एक निश्चित दबाव डालती हैं जो उन्हें अनुरूपतावादी आचरण के बजाय गैर-अनुरूपतावादी आचरण में संलग्न होने के लिए प्रेरित करती हैं ?

(a) आर.के. मर्टन (b) एमिल दुर्खाइम
(c) सदरलैंड (d) फेरी

52. Consider the following statements with regard to police investigation in India :

I. It is mandatory under Section 154 CrPC to register an FIR in case of the commission of a non-cognizable offence.

II. FIR should be in writing and even if information is provided orally, it should be reduced to writing.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) Only II (b) Neither I nor II
(c) Both I and II (d) Only I

52. भारत में पुलिस जाँच के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 154 के तहत असंज्ञेय अपराध किए जाने के मामले में FIR दर्ज करना अनिवार्य है।

II. FIR लिखित रूप में होनी चाहिए और यदि जानकारी मौखिक रूप से दी जाती है, तो उसे लिखित रूप में उतारा जाना चाहिए।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल II (b) न तो I, न ही II
(c) I और II दोनों (d) केवल I

**53.** The first Children Act in India was passed by which province in 1920 ?

(a) Bombay (b) Bengal

(c) Madras (d) Punjab

**54.** Match List I with List II and choose the correct answer using the codes given below the lists :

| | **List I (Author)** | | **List II (Publication/Work)** |
|---|---|---|---|
| A. | Otto Pollak | i. | *Sisters in Crime : The Rise of the New Female Criminal* |
| B. | Freda Adler | ii. | *Women and Crime* |
| C. | Lombroso and W. Ferrero | iii. | *The Criminality of Women* |
| D. | Rita J. Simon | iv. | *The Female Offender* |

**Codes :**

(a) A-iii, B-i, C-iv, D-ii

(b) A-iii, B-ii, C-i, D-iv

(c) A-ii, B-i, C-iv, D-iii

(d) A-ii, B-iii, C-i, D-iv

**55.** The Director General of Police (DGP) is :

(a) Head of State Police Force

(b) Head of Armed Forces

(c) Head of District Police

(d) Head of Central Police

**56.** Donald Taft characterised the Pennsylvanian system as :

(a) Open system (b) Separate system

(c) Silent system (d) Auburn system

**53.** भारत में पहला बाल अधिनियम 1920 में किस प्रांत द्वारा पारित किया गया ?

(a) बॉम्बे (b) बंगाल

(c) मद्रास (d) पंजाब

**54.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची I (लेखक)** | | **सूची II (प्रकाशन/कृति)** |
|---|---|---|---|
| A. | ओटो पोलाक | i. | *सिस्टर्स इन क्राइम : द राइज़ ऑफ द न्यू फीमेल क्रिमिनल* |
| B. | फ्रेडा एडलर | ii. | *विमेन एंड क्राइम* |
| C. | लोम्ब्रोसो और डब्ल्यू. फेरेरो | iii. | *द क्रिमिनैलिटी ऑफ विमेन* |
| D. | रीटा जे. साइमन | iv. | *द फीमेल ऑफेंडर* |

**कूट :**

(a) A-iii, B-i, C-iv, D-ii

(b) A-iii, B-ii, C-i, D-iv

(c) A-ii, B-i, C-iv, D-iii

(d) A-ii, B-iii, C-i, D-iv

**55.** पुलिस महानिदेशक (DGP) होता है :

(a) राज्य पुलिस बल का प्रमुख

(b) सशस्त्र बलों का प्रमुख

(c) जिला पुलिस का प्रमुख

(d) केन्द्रीय पुलिस का प्रमुख

**56.** डोनाल्ड टैफ्ट ने पेन्सिल्वेनियन प्रणाली को किस नाम से संबोधित किया ?

(a) खुली प्रणाली (b) पृथक प्रणाली

(c) मौन प्रणाली (d) ऑबर्न प्रणाली

57. The well-organised police system was introduced to suppress crimes and apprehend criminals, by :

(a) British Administrators

(b) Indian Government

(c) Mughals

(d) Ancient Rulers

58. It can be said that an offender who has a long criminal record and has been a frequent inmate of penal or correctional institutions and who shows scant regard for institutional adjustment, can be called :

(a) Cyber criminal

(b) Recidivist

(c) Drug addict

(d) White-collar criminal

59. "Crime is a social injury and an expression of subjective opinion varying in time and place."

This statement is related to :

(a) R. Garofalo (b) Donald Taft

(c) Sutherland (d) John Gillin

60. Sigmund Freud explained mental conflicts in the personality of criminals in terms of :

(a) Looking Glass Self

(b) I and me

(c) Id, Ego and Super Ego

(d) Id and ego

57. अपराधों को दबाने/नियंत्रित करने और अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस की एक सुव्यवस्थित प्रणाली किसके द्वारा शुरू की गई ?

(a) ब्रिटिश प्रशासकों द्वारा

(b) भारतीय सरकार द्वारा

(c) मुगलों द्वारा

(d) प्राचीन शासकों द्वारा

58. यह कहा जा सकता है कि एक अपराधी जिसका लंबा आपराधिक रिकॉर्ड है और वह दंडात्मक या सुधारात्मक संस्थाओं में लगातार कैदी रहा है और जो संस्थागत समायोजन के प्रति बहुत कम सम्मान दिखाता है, उसे कहा जाता है :

(a) साइबर अपराधी

(b) पुनरापराधी

(c) मादक द्रव्य व्यसनी

(d) श्वेतपोश अपराधी

59. "अपराध एक सामाजिक क्षति है तथा यह व्यक्तिपरक मत की ऐसी अभिव्यक्ति है जो समय और स्थान के अनुसार बदलती रहती है।"

यह कथन किससे संबंधित है ?

(a) आर. गारोफालो (b) डोनाल्ड टैफ्ट

(c) सदरलैंड (d) जॉन गिलिन

60. सिगमंड फ्रायड ने अपराधियों के व्यक्तित्व में मानसिक द्वंद्व की व्याख्या किन शब्दों में की है ?

(a) आत्म दर्पण

(b) मैं और मुझे

(c) इड, ईगो एवं सुपर ईगो (इदम्, अहम् एवं पराअहम्)

(d) इड एवं ईगो (इदम् एवं अहम्)

61. According to Retributive Theory, punishment is :

(a) For public safety

(b) An end in itself

(c) A means to reform criminals

(d) A deterrent only

62. The scientific study of victims of crime is known as :

(a) Victimology (b) Criminology

(c) Sociology of Law (d) Penology

63. Under the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2000, 'juvenile' means a person who has not completed :

(a) 16 years (b) 21 years

(c) 18 years (d) 14 years

64. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R) :

**Assertion (A) :** Parole is a correctional device which seeks to humanize prison justice.

**Reason (R) :** Parole enables the prisoner to return to the outside world on certain conditions for a short period.

Select the correct answer from the options given below :

(a) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is *not* the correct explanation of the Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

61. प्रतिशोधात्मक (रेट्रिब्यूटिव) सिद्धांत के अनुसार दंड है :

(a) सार्वजनिक सुरक्षा के लिए

(b) अपने आप में एक उद्देश्य

(c) अपराधियों को सुधारने का एक साधन

(d) केवल निवारक उपाय

62. अपराध के पीड़ितों के वैज्ञानिक अध्ययन को कहा जाता है :

(a) पीड़ित विज्ञान (b) अपराध विज्ञान

(c) विधि का समाजशास्त्र (d) दण्डशास्त्र

63. किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2000 के अनुसार 'किशोर' वह है जिसने कितनी आयु पूरी नहीं की है ?

(a) 16 वर्ष (b) 21 वर्ष

(c) 18 वर्ष (d) 14 वर्ष

64. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है :

**अभिकथन (A) :** पैरोल एक सुधारात्मक साधन है जो कारागार न्याय को मानवीय बनाने का प्रयास करता है।

**कारण (R) :** पैरोल कैदी को कुछ शर्तों के साथ थोड़े समय के लिए बाहर की दुनिया में वापस लौटने की अनुमति देता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) अभिकथन (A) ग़लत है, परंतु कारण (R) सही है।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) ग़लत है।

(d) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

65. Which of the following is ***not*** one of the basic principles formulated for justice for crime victims under the United Nations Declaration (1985) ?

(a) Access to punish the accused

(b) Restitution

(c) Access to justice and fair treatment

(d) Compensation

65. निम्नलिखित में से कौन-सा संयुक्त राष्ट्र घोषणा (1985) के तहत अपराध पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए बनाया गया मूल सिद्धांत ***नहीं*** है ?

(a) आरोपी को सजा दिलाने तक पहुँच

(b) प्रत्यास्थापन (क्षतिपूर्ति)

(c) न्याय और उचित व्यवहार तक पहुँच

(d) प्रतिकर

66. The Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2000 replaced which earlier Act ?

(a) The Reformatory Schools Act, 1987

(b) The Probation of Offenders Act, 1958

(c) The Juvenile Justice Act, 1986

(d) The Children Act, 1960

66. किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2000 ने किस पूर्व अधिनियम का स्थान लिया ?

